
# हितग्राहियों को मिलेगा संबल का लाभ, ईपीओ जारी



## निराश्रित बच्चों के मामले में गार्जियन नियुक्त करने के निर्देश, जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा द्वारा जनसुनवाई करते हुए कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शासन की विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को तत्काल लाभान्वित करने की कार्यवाही की गई, 04 हितग्राहियों को जहां मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत ईपीओ जारी करने की जानकारी प्रदान की गई, वही 60 वर्ष पूर्ण करने के 20 दिन के भीतर ही हितग्राही को मौके पर ही पेंशन का लाभ प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त दो लोगों को रेडक्रॉस फंड से 7 हजार रूपये की सहायता प्रदान की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान कुल 190 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा द्वारा ग्राम जमूदी निवासी पातीराम कुशवाह, ग्राम बगवाज निवासी श्रीमती सुशीला विश्वकर्मा को मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना से संबंधित आवेदन का मौके पर ही निरकरण कर हितग्राहियों को अवगत कराया कि योजना के तहत 4-4 लाख रूपये की राशि स्वीकृत होकर ईपीओ जारी हो चुके है।

पातीराम द्वारा अपनी पत्नि स्व. श्रीमती रामा बाई कुशवाह तथा श्रीमती सुशीला विश्वकर्मा द्वारा अपने पति स्व. लखन विश्वकर्मा की दुर्घटना में मृत्यु होने पर संबल योजना के तहत आवेदन प्रस्तुत कर अनुग्रह सहायता राशि दिये जाने की मांग की गई थी। इसी प्रकार ग्राम किन्नपुरा निवासी श्रीमती लीला बाई के आवेदन परीक्षण उपरांत जानकारी प्रदान की गई कि संबल योजना के तहत दो लाख रूपये की राशि का ईपीओ जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही बैंक खाते के माध्यम से राशि प्राप्त होगी। हितग्राही महिला द्वारा अपने पति स्व. रामदयाल जाटव की सामान्य मृत्यु पर मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत कर अनुग्रह सहायता राशि दिये जाने की मांग की गई थी। ग्राम राडेप निवासी बबलू आदिवासी को भी जानकारी दी गई कि उनकी पत्नि स्व. श्रीमती ममता बाई आदिवासी की सामान्य मृत्यु पर योजना के तहत दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत की गई। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा द्वारा कुंहाजापुर निवासी निराश्रित बालक के मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग को गार्जियन नियुक्त करने के निर्देश दिये गये। स्पॉन्सरशिप योजना के लाभार्थी बालक द्वारा जनसुनवाई में अवगत कराया गया कि मॉ और पिता दोनो की मृत्यु हो चुकी है, मॉ-पिता के खाते में जमा राशि नही मिल पा रही है। इस मामले में संरक्षक नियुक्त करने के निर्देश प्रदान किये गये। महिला बाल विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार अम्ब ने जानकारी दी कि स्पॉन्सरशिप योजना के तहत उक्त बालक को सूचीबद्ध कर लिया गया है तथा मार्च में योजना का लाभ प्राप्त होना शुरू हो जायेगा। उन्होने बताया कि मॉ-पिता के नाम से जमा राशि निकालने के लिए कानूनी संरक्षक नियुक्त कराने की कार्यवाही की जा रही है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा ग्राम बंगा काठोन निवासी प्रशांत जौहरी के आवेदन पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद के निर्देश दिये गये कि नियमानुसार प्रक्रिया के तहत आवेदक को अनुकंपा नियुक्त प्रदान की जाये। आवेदक प्रशांत जौहरी द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया कि उसके पिता स्व. फेलूराम जाटव पंचायत सचिव के पद पर नियुक्त थे तथा सेवाकाल के दौरान वर्ष 2014 में उनकी मृत्यु हो गई थी।

### 60 वर्ष पूर्ण करने के 20 दिन के भीतर वृद्धावस्था पेंशन

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार ग्राम सोठवा निवासी प्रभुदयाल बैरवा को जनसुनवाई के दौरान मौके पर ही इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन का लाभ प्रदान किया गया। योजना के तहत लाभ प्राप्त करने की पात्रता 60 वर्ष से अधिक आयु होना जरूरी है। प्रभुदयाल बैरवा द्वारा गत 01 जनवरी 2026 को ही 60 वर्ष की आयु पूर्ण की गई है। आज जनसुनवाई में आये बुजुर्ग बैरवा को 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने के 20 दिन के अंदर ही पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने की कार्यवाही की गई। अब उन्हें हर माह 600 रूपये पेंशन के रूप में प्राप्त होगे।

जनसुनवाई के दौरान रेडक्रॉस के माध्यम से ग्राम नागदा निवासी दिनेश सुमन को अपने पिता गोकुल सुमन के उपचार के लिए 5 हजार रूपये की राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार ग्राम भसुन्दर निवासी श्रीमती निरमा बाई को भी उपचार के लिए मार्गव्यय हेतु दो हजार रूपये की राशि प्रदान की गई।



# छात्राओं ने जलशोधन संयंत्र का किया शैक्षणिक भ्रमण

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 जनवरी।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयपुर द्वारा आयोजित औद्योगिक इकाई भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को विद्यालय की अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं छात्राओं को नगर परिषद विजयपुर की जलावर्धन योजना अंतर्गत निर्मित एवं संचालित जलशोधन संयंत्र का भ्रमण किया गया। यह परियोजना नगरीय विकास एवं आवास के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा क्रियान्वित की गई है। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने क्वारी नदी पर निर्मित इंटेकवेल सहित जलशोधन संयंत्र के विभिन्न घटकों का अवलोकन किया तथा प्रत्येक घटक की उपयोगिता एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही संयंत्र परिसर में स्थापित प्रयोगशाला में जल परीक्षण की प्रक्रिया अंतर्गत भौतिक, रासायनिक एवं जैविक परीक्षणों की विधि को भी समझा। विद्यार्थियों एवं अध्यापकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर एवं शंका समाधान पीआईयू ग्वालियर के सिविल इंजीनियर ललित कुमार द्वारा किया गया। औद्योगिक इकाई भ्रमण कार्यक्रम का समन्वय सीडीओ उमेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर संविदाकारध्निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर, साइट इंजीनियर, लैब तकनीशियन सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


# बाइक सवारों की दबंगई, बस पर किया पथराव

## मुरैना अगरा मार्ग पर बड़ा हादसा टला, बाल-बाल बचे यात्री



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 20 जनवरी।** क्षेत्र के अगरा रोड पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब नशे में धुत दो बाइक सवार युवकों ने चलती राधिका बस सर्विस पर अचानक पत्थर फेंक दिया। यह घटना वाड़खेड़ा गांव के पास की बताई जा रही है। गनीमत रही कि बस में सवार यात्री इस हमले में बाल-बाल बच गए, हालांकि बस का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राधिका बस सर्विस (क्रमांक एमपी 06 जेडसी 4251) मुरैना से आगरा की ओर जा रही थी। इसी दौरान सड़क किनारे खड़े दो अज्ञात बाइक सवार युवकों ने, जो नशे की हालत में बताए जा रहे हैं, अचानक बस के शीशे पर पत्थर दे मारा। पत्थर लगते ही बस में बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए बस चालक ने तुरंत सूझ-बूझ दिखाते हुए डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच शुरू कर दी है। बस चालक और यात्रियों ने बताया कि यदि पत्थर किसी यात्री को लग जाता, तो बड़ा हादसा हो सकता था। यात्रियों ने सड़क पर इस तरह की अराजकता पर रोष जताते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस अज्ञात युवकों की तलाश में जुटी हुई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर रोड पर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं

# देर रात भीषण आगजनी, सामान व नकदी जलकर राख



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 20 जनवरी।** एक परिवार पर आफत टूट पड़ी। वार्ड क्रमांक 8, गज मोहल्ला शिवपुरी रोड पर रहने वाले वालकृष्ण दीक्षित के घर के पीछे बनी पाटोर (स्टोर) में अचानक आग लग गई, जिससे घरेलू उपयोग का कीमती सामान और नकदी जलकर राख हो गई। पीड़ित वालकृष्ण दीक्षित (उम्र 42 वर्ष), पुत्र पूरनलाल दीक्षित ने पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया कि 18-19 जनवरी 2026 की रात वह अपने परिवार के साथ रोजाना की तरह खाना खाकर घर के अंदर बने टीनसेट में सो रहे थे। रात करीब 1.30 बजे पाटोर के पटपरों के चटखने की तेज आवाज से उनकी नींद खुली। बाहर निकलकर देखा तो पाटोर के अंदर आग भड़क रही थी। घटना की सूचना मिलते ही उन्होंने तुरंत अपने छोटे भाई मनोज व अन्य परिजनों को जगाया। तत्परता दिखाते हुए पाटोर का ताला खोलकर सभी परिजनों ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। आगजनी में पाटोर के अंदर रखा मिक्सी, कपड़ा सिलने की मशीन, फ्रिज, पंखा, परिवार के कपड़े, बच्चों के पहनने के वस्त्र, रजाई-गद्दे, बर्तन, घरेलू सामान तथा कुछ नगदी रुपये जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया और कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार सदमे में है और प्रशासन से सहायता की उम्मीद लगाए बैठा है।

# नेचुरल फार्मिंग का क्रियान्वयन समय सीमा में करें : डीएम

## श्योपुर में 6, कराहल में 7 और विजयपुर में 4 स्थानों पर बनेगे बीआरसी



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा ने कहा कि नेचुरल फार्मिंग प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन समय सीमा में किया जायें, प्राकृतिक खेती के कलस्टर विकसित करने की इस योजना में लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। वे आज जिला पंचायत सभाकक्ष में प्राकृतिक खेती को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद, डीडीए जीके पचौरिया, सहायक संचालक कृषि मुनेश शाक्य, कृषि विस्तार अधिकरी अरूण शाक्य सहित कृषि विभाग के एसएडीओ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान प्रोजेक्ट के तहत कम प्रगति पाये जाने पर 23 अधिकारियों को एक-एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि सभी एसएडीओ प्रोजेक्ट से संबंधित गतिविधियों के फोटो प्रतिदिन ग्रुप पर शेयर करेंगे। इसके बावजूद भी स्थिति संतोषप्रद नही हुई तो कडी कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि प्राकृतिक खेती के लिए जिले में 25 कलस्टर बनाये जाने है, जिसमें 8 कलस्टर श्योपुर, 7 कलस्टर कराहल एवं 4 कलस्टर विजयपुर में विकसित किये जाने है। प्रोजेक्ट के तहत कुल 1250 हेक्टयर भूमि शामिल की गई है। इस भूमि पर 3125 किसानों का चयन प्राकृतिक खेती के लिए किया गया है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मैदानी अमले एवं प्राकृतिक खेती के लिए चयनित 50 सखियों के माध्यम से कियानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लिए संसाधन एवं तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जायें। इसी प्रकार प्राकृतिक खेती के लिए आवश्यक जैविक खाद, जीवामृत, बीजामृत आदि बायो सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 स्थानों पर बायो रिसोर्स सेंटर बनाये जाने है, जिसके लिए हितग्राहियों का चयन किया जायें, यह सेंटर श्योपुर में 06, कराहल में 07 और विजयपुर में 04 स्थानों पर बनेगे। बीआरसी स्थापित करने के लिए एक लाख रूपये की अनुदान राशि भी हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जायें।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि जिले में ऐसे प्रगतिशील किसान जो पूर्व के वर्षो से प्राकृतिक खेती अपना रहे है, उनका मार्गदर्शन भी लिया जायें और प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के खेतो का एक्सपोजर कराया जायें।

उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने जानकारी दी कि बायो रिसोर्स सेंटर के लिए 06 आवेदन प्राप्त हुए है तथा प्रक्रिया चल रही है, सभी 3125 किसानों का चयन का कार्य भी पूरा कर लिया है तथा प्राकृतिक सखी भी चयनित की गई है। फील्ड लेबल पर कार्य शुरू कर दिया गया है।

### 23 अधिकारियों को नोटिस जारी

**कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा** प्रोजेक्ट के तहत प्रगति संतोषप्रद नही पाये जाने के चलते कृषि विभाग के 23 अधिकारियों को एक-एक वेतनवृद्धि रोकने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है, जिन अधिकारियों को नोटिस दिये गये है, उनमें वरिष्ठ कृषि विकास कराहल अधिकारी राजू जाटव, एसएडीओ श्योपुर शरद रघुवंशी, एसएडीओ विजयपुर विष्णु राठौर, कृषि विस्तार अधिकारी एवं प्रभारी बीटीएम कराहल कैलाश सिंह जाटव, कृषि विस्तार अधिकारी एवं प्रभारी बीटीएम श्योपुर राजेन्द्र मीणा, ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर विजयपुर भूपेन्द्र धाकड, कृषि विस्तार अधिकारी संजू कुमार शाक्य, सागर खानवा, सचिन बिरला, पुरूषोत्तम मीणा, श्रीमती शारदा जाटव, देशराज सेमिल, विजय सेमिल, नान सिंह किराडे, रमन गौर, शिव सिंह, गंगादीन माहौर, जय सिंह जमोरिया, सुरेश कुमार बंसल, धरमा सेमले, दिनेश बारिया, राजाराम जाटव, हरतुम धाकड शामिल है।

# राजीव गांधी पब्लिक स्कूल में 'आनंद उत्सव' की धूम

## नगर परिषद की अनूठी पहल, बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 20 जनवरी।** नगर परिषद विजयपुर के तत्वावधान में राजीव गांधी पब्लिक स्कूल परिसर में आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर बच्चों के सर्वांगीण विकास और मानसिक प्रसन्नता को केंद्र में रखते हुए विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे विद्यालय परिसर आनंद और उल्लास से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में नगर परिषद विजयपुर के उपयंत्री महेंद्र गर्ग, योजना प्रभारी जितेंद्र कुमार उपाध्याय, विद्यालय संचालक सुनील त्रिवेदी सहित स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अतिथियों ने बच्चों के साथ सह भागिता कर उन्हें उत्साहवर्धन किया और आनंद उत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खुशी, रचनात्मकता और मानसिक संतुलन भी बेहद आवश्यक है। आनंद उत्सव जैसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, सहयोग और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। विद्यालय में आयोजित गतिविधियों के दौरान बच्चों ने खेल, गीत-संगीत और रचनात्मक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की मुस्कान और उत्साह देखते ही बनता था। विद्यालय प्रबंधन और स्टाफ ने नगर परिषद विजयपुर की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया गया।



### प्रेमसर विद्यालय में हेल्थ चौकअप

श्योपुर, 20 जनवरी। आरबीएसके टीम द्वारा आज शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रेमसर में शिविर लगाकर बच्चों का हेल्थ चौकअप किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत के बच्चों को आयरन की टैबलेट खिलाई गई। उमंग हेल्थ प्रोग्राम के काउंसलर द्वारा बच्चों को उनके मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक स्वास्थ्य की जानकारी दी गई। आरबीएसके की समन्वयक श्रीमती स्नेहलता गुर्जर ने बताया कि हेल्थ कैंप के दौरान एनिमिया से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

# ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत सेक्टर स्तरीय सम्मेलन आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 जनवरी।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद श्योपुर के विकासखंड कराहल की नवांकुर संस्था सतगुरु शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति नीमोदामठ द्वारा ग्राम बंधाली में सेक्टर स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

पंचायत भवन में आयोजित सेक्टर स्तरीय सम्मेलन के दौरान जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नीतू गौतम, जनपद सदस्य मोहर सिंह आदिवासी, समाजसेवी एवं बंधाली के पूर्व सरपंच काना आदिवासी, ग्राम पंचायत बंधाली के सचिव मुरारी लाल शर्मा, नवांकुर संस्था सतगुरु शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति के सचिव कल्याण सिंह मारू, मेंटर दीपक दुबे, ग्राम विकास समिति बंधाली से पूरण मारू, आवदा समिति से राजू जाटव, शिवराज जाट, सुश्री नीतू शर्मा, पूरण गुर्जर आदि उपस्थित रहें।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ, इसके उपरांत जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह ने ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के बारे में विस्तार से बताया साथ ही स्वामी विवेकानंद के जीवन के प्रेरक प्रसंग के बारे में बताते हुए उनके आदर्श वर्तमान परिदृश्य में किस प्रकार प्रासंगिक है, पर प्रकाश डाला।

पंचायत सचिव द्वारा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## 138 मरीज पहुंचे, 9 में डायरिया की पुष्टि

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** भागीरथपुरा क्षेत्र में डायरिया को लेकर बनी स्थिति में अब धीरे धीरे सुधार के संकेत मिलने लगे हैं. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी में 138 मरीज पहुंचे, जिनमें 9 मरीज डायरिया से पीड़ित पाए गए. फिलहाल 14 मरीजों का उपचार जारी है, जिनमें 7 सामान्य वार्ड में भर्ती हैं।



# आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति का लिया जायजा

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक के दौरान दिये गये निर्देशो के क्रम में डीपीएम डॉ. हेमंत रावत के नेतृत्व में ब्लॉक कराहल की टीम द्वारा ग्राम शंकरपुर, बरीवाला सहराना, सेसईपुरा सहराना में आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की प्रगति का जायजा लिया गया। इस अवसर पर धरती आबा योजना एवं वय वंदना योजना अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के वरिष्ठ नागरिको के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के संबंध में सीएचओ तथा आशा कार्यकर्ताओ को निर्देश दिये गये। उन्होने बताया कि 70प्लस से अधिक उम्र के हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड मोबाइल के माध्यम से आयुष्मान एप को प्ले स्टोर से डाउनलोड करके या फिर इमदमपिबपंतल.दीं.हवअ.पद लिंक सर्च के माध्यम से बना सकते है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए धर्मवीर मीना आयुष्मान कोर्डिनेटर के मोबाइल नंबर 7828289748 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होने जानकारी दी कि आज 660 से अधिक हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये।

# डूडा प्रभारी ने की जल सुनवाई, संकल्प से समाधान अभियान का जायजा भी लिया




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 जनवरी।** परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण एवं डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य द्वारा आज नगरपालिका परिषद श्योपुर कार्यालय में जल सुनवाई की गई तथा संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत वार्डो में आयोजित किये जा रहे शिविरों का जायजा भी लिया गया। इस दौरान सीएमओ राधेरमण यादव सहित नगरीय निकाय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य द्वारा नगरपालिका में जल सुनवाई के साथ ही नगरीय क्षेत्र के वार्डो का भ्रमण कर पेयजल आपूर्ति के संबंध में नागरिकों से चर्चा कर जानकारी प्राप्त की गई।

# जनगणना-2027 के लिए अधिकारी नियुक्त

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट तथा प्रमुख जनगणना अधिकारी अर्पित वर्मा द्वारा जनगणना-2027 के लिए जनगणना अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा संपूर्ण जिले के लिए प्रमुख जनगणना अधिकारी रहेगे, जबकि अपर कलेक्टर सुश्री सौम्या आनंद जिला जनगणना अधिकारी बनाई गई है। जिला सांख्यिकी अधिकारी गिर्राज शर्मा को अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी गगन सिंह मीणा को श्योपुर के लिए, अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक मिश्रा को विजयपुर के लिए एवं अनुविभागीय अधिकारी बीएस श्रीवास्तव को कराहल के लिए अनुविभागीय जनगणना अधिकारी बनाया गया है।

तहसील श्योपुर ग्रामीण क्षेत्र के लिए तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा, तहसील बडौदा ग्रामीण क्षेत्र के लिए तहसीलदार सुरेश राठौर, तहसील कराहल के लिए तहसीलदार सुश्री रोशनी शेख, तहसील विजयपुर ग्रामीण क्षेत्र के लिए तहसीलदार श्रीमती अमिता सिंह तोमर एवं तहसील वीरपुर के लिए तहसीलदार नरेश रायपुरिया को चार्ज जनगणना अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र श्योपुर के लिए सीएमओ श्योपुर राधेरमण यादव, नगरीय क्षेत्र बडौदा के लिए सीएमओ बडौदा ताराचंद धूलिया एवं नगरीय क्षेत्र विजयपुर के लिए सीएमओ विजयपुर प्रदीप कुमार शर्मा चार्ज जनगणना अधिकारी बनाये गये है।

वृत्त मानपुर के लिए नायब तहसीलदार मानपुर टीएस लकडा, वृत्त पाण्डोला के लिए नायब तहसीलदार सुरेश राठौर, वृत्त गोरस एवं पहेला के लिए नायब तहसीलदार नरेन्द्र जैन, वृत्त गसवानी के लिए नायब तहसीलदार दर्शनलाल बौद्ध, वृत्त अगरा के लिए नायब तहसीलदार श्रीमती रजनी बघेल, वृत्त प्रेमसर के लिए नायब तहसीलदार शैलेन्द्र देव सिंह सेंगर एवं वृत्त रघुनाथपुर के लिए नायब तहसीलदार कुलदीप बोहरे अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी नियुक्त किये गये है।

### बंदियों के लिए सिलाई प्रशिक्षण

**श्योपुर।** जिला जेल श्योपुर में बंदियों को एक माह के सिलाई प्रशिक्षण की शुरूआत की गई। इस अवसर पर बीईओ श्योपुर सुश्री मधु शर्मा, जेल अधीक्षक प्रभात कुमार, जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी राजेश मीणा एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कुसुम जादौन, शिक्षक आनंद दीक्षित एवं प्रशिक्षक सिलाई प्रशिक्षण कमलेश बैरवा आदि जेल स्टॉफ उपस्थित रहें।